पानीपत भास्कर
पानीपत | बुधवार 04 नवंबर, 2020

न्यूज ब्रीफ

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान ने ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी के साथ किया शैक्षणिक समझौता

पानीपत | भारतीय कंपनी सचिव संस्थान और ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस मौके पर भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की ओर से सीएस सुरेश पांडेय, सीएस सुमित ग्रोवर, सीएस अभिषेक शर्मा, सीएस रमन शर्मा, दीपक कुमार गुप्ता और अंकुर आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी की ओर से डॉ. पुनीत गोयल, डॉ. पूनम गोयल, प्रॉ. डॉ. अजय कुमार पॉडर, प्रॉ. डॉ. विनोद कुमार, डॉ. सुमेश जैन और एडवोकेट रमनजीत सिंह उपस्थित रहे। सीएस सुरेश पांडेय और सीएस सुमित ग्रोवर ने विद्यार्थी और सदस्यों को शैक्षणिक सहयोग समझौते से होने वाले लाभ के बारे में बताया।